NEW YORK STATE | Department of Health

**माता-पिता और अभिभावकों के लिए जानकारी**

# गंभीर जन्मजात हृदय रोग (Critical Congenital Heart Disease, CCHD) के लिए पल्स ऑक्सीमेट्री जांच

## कम परिणाम आने का क्या मतलब है?



### CCHD क्या है?

CCHD, या गंभीर जन्मजात हृदय रोग, एक चिकित्सीय स्थिति है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब बच्चे के हृदय या हृदय के पास की प्रमुख रक्त वाहिकाओं का निर्माण ठीक से नहीं हो पाता है। हृदय शायद ठीक से काम न करे और रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा पर्याप्त न हो।

### पल्स ऑक्सीमेट्री क्या है?

पल्स ऑक्सीमेट्री को कभी-कभी "pulse ox" कहा जाता है। इसका उपयोग CCHD के लिए शिशुओं की जांच करने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण शिशु के रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा और उनकी पल्स दर को मापता है। रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम होने का मतलब यह हो सकता है कि हृदय उतना अच्छा काम नहीं कर रहा है जितना उसे करना चाहिए। न्यूयॉर्क राज्य में जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु का जन्म के 24 घंटे बाद जांच के हिस्से के रूप में पल्स ऑक्सीमेट्री परीक्षण किया जाएगा।

### आपके शिशु की पल्स ऑक्सीमेट्री रीडिंग कम आई है, अब क्या करें?

कुछ शिशुओं में ऑक्सीजन के स्तर की रीडिंग कम आ सकती है। ऑक्सीजन के स्तर की रीडिंग कम होने का मतलब हमेशा यह नहीं होता कि शिशु को CCHD है। कुछ स्वस्थ शिशुओं में जन्म के बाद हृदय और फेफड़ों के समायोजित होने के दौरान ऑक्सीजन के स्तर की रीडिंग कम आ सकती है। ऐसी अन्य स्थितियां भी हो सकती हैं जिनके कारण आपके शिशु की "pulse ox" रीडिंग कम आ सकती है।

आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता यह तय करेंगे कि क्या और परीक्षणों की आवश्यकता है। आपके शिशु को एक्स-रे, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम ("EKG"), और/या अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता हो सकती है। हृदय के अल्ट्रासाउंड को हार्ट इको या इकोकार्डियोग्राम कहा जाता है।

आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपके शिशु को बाल हृदय रोग विशेषज्ञ या अन्य विशेषज्ञों के पास भेज सकते हैं।

### यदि मेरे शिशु को CCHD है, तो क्या होगा?

CCHD का उपचार अलग-अलग होता है, लेकिन इसमें दवाएं, चिकित्सीय प्रक्रियाएं, या सर्जरी शामिल हो सकती हैं। आपके बच्चे की मेडिकल टीम उपचार की अनुशंसा करेगी और अन्य विशेषज्ञों के साथ विकल्पों पर चर्चा करेगी। माता-पिता को चेतावनी संकेतों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि होंठों या त्वचा का नीला पड़ना, सांस लेते समय घुरघुराने की आवाज आना, तेज सांस लेना, नथुने फूलना, ठीक से दूध न पीना, अत्यधिक नींद आना और वजन ठीक से न बढ़ना। यदि आपके शिशु में इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत अपने शिशु के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को कॉल करें।

### जन्मजात हृदय दोषों के बारे में संसाधन

**American Heart Association**
heart.org/en/health-topics/congenital-heart-defects

**रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention) का जन्म दोष और विकासात्मक विकलांगता पर राष्ट्रीय केंद्र (National Center on Birth Defects and Developmental Disabilities)**
cdc.gov/heart-defects

**न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health)**
health.ny.gov/birthdefects